05/01/2026

आकाशवाणी ईटानगर

आज सुबह 4 बजकर 17 मिनट पर सेंट्रल असम में 5.1 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र असम के मोरीगांव जिले के पास 50 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। भूकंप के झटके सेंट्रल असम के कई हिस्सों और अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर कैपिटल रीजन सहित पूर्वोत्तर के अन्य क्षेत्रों में भी महसूस किए गए, जिससे लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। हालांकि, अभी तक जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं मिली है। भूकंप के झटके पड़ोसी देशों भूटान, नेपाल और बांग्लादेश में भी महसूस किए गए। अरुणाचल प्रदेश, सेस्मिक ज़ोन VI में होने के कारण, सबसे ज़्यादा भूकंप के खतरे वाले क्षेत्रों में से एक माना जाता है।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने ईस्ट सियांग जिले के पासीघाट स्थित कृषि महाविद्यालय में स्थापित 5जी आधारित हाइड्रोपोनिक प्रयोगशाला की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यह प्रयोगशाला कृषि क्षेत्र में नवाचार और सतत विकास का संगम है। उन्होंने कहा कि मृदा रहित खेती, तेज फसल चक्र और वर्षभर उत्पादन जैसी सुविधाओं के माध्यम से यह प्रयोगशाला छात्रों और किसानों को

आधुनिक एवं व्यावहारिक कौशल प्रदान करेगी तथा अरुणाचल प्रदेश में स्मार्ट और टिकाऊ कृषि के नए अवसर भी उपलब्ध करायेगी।

0000000000000000000000000

दूसरे खेलो इंडिया बीच गेम्स का आज दीव के घोघला बीच पर शुभारंभ हुआ। इन खेलों में 8 विभिन्न खेलों में 2,100 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इन खेलों का आयोजन दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव केंद्र शासित प्रदेश द्वारा किया जा रहा है। अरुणाचल प्रदेश पहली बार खेलो इंडिया बीच गेम्स में बीच सॉकर में भाग ले रहा है। राज्य की टीम बीच सॉकर एवं बीच टग ऑफ वॉर दोनों ही श्रेणी में बॉएज़ एण्ड गर्ल्स तथा पेंचाक सिलाट में प्रतिस्पर्धा कर रहें है। कुल तीरेपन सदस्यीय दल, जिसमें खिलाड़ी, कोच और मैनेजर शामिल हैं, राज्य का प्रतिनिधित्व कर रहा है। टीम का नेतृत्व खेल अधिकारी हेड क्वार्टर शेफ डी मिशन नादा आपा, द्वारा किया जा रहा हैं।

0000000000000000000000000

पूर्वोत्तर परिषद - NEC के सदस्य तेनजिंग नोरबू थोंगडोक ने अरुणाचल प्रदेश के मुख्य सचिव मनीष गुप्ता से मुलाकात की। इस दौरान राज्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई, जिसमें क्षमता निर्माण, ज्ञान एवं विशेषज्ञता साझा करने तथा अरुणाचल प्रदेश एवं

अन्य पूर्वोत्तर राज्यों के लिए NEC की तकनीकी भूमिका पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया।

0000000000000000000000

दिबांग वैली जिले के आनिनी में उपायुक्त बेकीर न्योराक की अध्यक्षता एवं आनिनी विधायक की उपस्थित में उपायुक्त कार्यालय में समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्यमंत्री अरुणाचल प्रदेश के आगामी दौरे तथा प्रस्तावित कैबिनेट आपके द्वार कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा की गई, जिसका आयोजन जनवरी-फरवरी 2026 में होने की संभावना है। बैठक में विभिन्न विभागों के प्रमुखों के साथ-साथ SJVN, ITBP, NHIDCL एवं अन्य संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया।

0000000000000000000000

स्पीयर कोर के स्पीयरहेड डिवीजन द्वारा वेस्ट सियाङ जिले के आलो सैन्य स्टेशन से एक इको-टूरिज्म एक्सपोजर टूर को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। तीन दिवसीय होमस्टे और इको-टूरिज्म प्रशिक्षण के बाद, आलो स्थित नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर टेक्निकल यूनिवर्सिटी, के छात्र दार्जिलिंग और कालिम्पोंग के लिए रवाना हुए हैं, जहाँ वे पर्यटन और सतत आजीविका से जुड़े व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करेंगे। एक अन्य पहल के तहत, स्पीयर कोर के अंतर्गत भारतीय सेना के जवानों ने ऑपरेशन सद्भावना के तहत अपर सुबनसिरी जिले के ताकसिंग के

ओजुगो गांव में जल भंडारण सुविधा सहित एक लॉग हट का निर्माण किया, जिससे स्थानीय लोगों को लाभ होगा।

0000000000000000000000

शी योमी जिले के मेचुका स्थित सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों एवं शिक्षकों का एक दल राष्ट्रीय एकता भ्रमण कार्यक्रम के लिए रवाना हुआ है। यह दल आगामी 16 जनवरी 2026 तक दिल्ली, पुणे, मुंबई और ईटानगर का भ्रमण करेगा। इस दौरान छात्र देश के प्रमुख राष्ट्रीय संस्थानों, ऐतिहासिक स्थलों, स्थानीय संस्कृतियों तथा भारतीय रक्षा बलों के मूल्यों से परिचित होंगे।

0000000000000000000000

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नई दिल्ली में 'ख़ातबात-ए-मोदी' नामक पुस्तक का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2014 से 2025 तक के स्वतंत्रता दिवस भाषणों का संकलन है। श्री प्रधान ने कहा कि ये भाषण 'सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास' के माध्यम से प्रधानमंत्री के कार्य-दृष्टिकोण को दर्शाते हैं।

0000000000000000000000

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि 'विकसित भारत - रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण): विकसित भारत - जी राम जी को पूर्व की मनरेगा योजना में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से लाया गया है। तमिलनाडु के इरोड में किसानों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत लाभार्थियों के लिए कार्य दिवसों की संख्या बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भुगतान समय पर किया जाएगा और यदि रोजगार के 15 दिनों के भीतर भुगतान नहीं होता है, तो कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी।

0000000000000000000000000